तापमान
अधिकतम 33.7 डिग्री
न्यूनतम 24.1 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 8 अगस्त 2025

11 रिहर्सल में दिखाया देशभक्ति का जज्बा

12 इति, कनिका चेतना व गुंजन कुश्ती में बनीं विजेता


# राखियों से लेकर रेडिमेड थालियों की बढ़ी खरीदारी, बाजारों में हलचल

*20 से लेकर 650 रुपये तक की विभिन्न श्रेणियों की राखियां, 10 से 20 की फैंसी डोरी व 40 से 350 तक की डाइमंड स्टोन राखियां बाजार में उपलब्ध*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

भाई-बहन के अटूट प्रेम व रक्षा के प्रतीक पर्व रक्षाबंधन की तैयारियां जोरों पर हैं। बाजारों में रौनक लौट आई है और शहर के मुख्य बाजारों से लेकर गली-मोहल्लों तक राखी और त्योहार से जुड़ी सामग्री की दुकानों व स्टॉलों की भरमार नजर आ रही है। 9 अगस्त को पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ रक्षाबंधन पर्व मनाया जाएगा, लेकिन उसकी खुशबू व रंगत पहले ही बाजार में फैल चुकी है। रक्षाबंधन के चलते लंबे समय बाद बाजारों में फिर से उत्सव जैसा माहौल बन गया है। दुकानों पर भीड़ बढ़ने लगी है और व्यापारी भी बिक्री से संतुष्ट नजर आ रहे हैं। बाजार की चहल-पहल ने त्योहार के प्रति लोगों की भावनात्मक जुड़ाव को और प्रकट कर दिया है। रक्षाबंधन न केवल भाई-बहन के रिश्ते को प्रगाढ़ करने का पर्व है, बल्कि यह बाजार की रौनक को भी नया जीवन देता है। राखियों की सजावट से लेकर उपहारों की खरीद तक, हर गली-मोहल्ला इस त्योहार की आहट से सराबोर है। बाजार की तस्वीर देख कर साफ है कि 9 अगस्त को रक्षाबंधन पर्व उल्लास, प्रेम और परंपरा के रंगों में सराबोर होगा। महिलाएं व युवतियां राखियों की खरीदारी में जुट गई हैं। खास बात यह है कि इस बार परंपरागत राखियों के साथ-साथ डिज़ाइनर और थीम आधारित राखियों की भी खूब मांग है। दुकानदारों के अनुसार इस साल 20 रुपये से लेकर 650 रुपये तक की विभिन्न श्रेणी की राखियां उपलब्ध हैं। वहीं, 10 से 20 रुपये तक की फैंसी डोरी राखियां व 40 से 350 रुपये तक की डायमंड स्टोन राखियों को खासा पसंद किया जा रहा है।

## डायमंड स्टोर राखियों को किया जा रहा पसंद, कपड़ों की भी बढ़ी डिमांड



### थाली सजाने की नहीं जरूरत, रेडिमेड थालियां हिट

रक्षाबंधन पर थाली सजाने की परंपरा को ध्यान में रखते हुए बाजार में दिल्ली से मंगाई गई रेडिमेड थालियों ने अपनी खास जगह बना ली है। राखी विक्रेता गगन के अनुसार विशेष रूप से सजे रेडीमेड थालियों की पहले से ही अच्छी खपत हो रही है। यह थालियां लाल कपड़े, घोटे और कलात्मक सजावट से युक्त हैं, जिनमें रोली, चंदन, चावल, मिश्री और कलावा पहले से सजे रहते हैं। इनकी कीमत 80 से 250 रुपये के बीच है।

### सूट-साड़ियों को लेकर भी दिखा उत्साह, सूट की डिमांड ज्यादा

रक्षाबंधन के त्योहार पर बहनों द्वारा अपने भाई व भाभियों को उपहार देने की परंपरा भी देखी जाती है। बाजारों में महिलाओं के पहनावे को लेकर भी खास रौनक है। दुकानदार प्रमोद कुमार, सुनील व अतुल के अनुसार इस समय कैमरिक कॉटन, जाम कॉटन, खादी और जॉर्जट जैसे कपड़ों के सूट महिलाओं की पहली पसंद बने हुए हैं। 350 से लेकर 8500 रुपये तक के सूट की बिक्री हो रही है, जबकि साड़ियों की डिमांड अपेक्षाकृत कम है। महिलाओं का रुझान बेटियों के लिए सूट खरीदने की ओर ज्यादा है।

### बाजार में इस बार डिजाइनर राखियों की बढ़ रही डिमांड

बाजार में महिलाओं और युवतियों को लुभाने के लिए रंग-बिरंगी रेशम राखियां, डायमंड राखियां, भैया-भाभी सेट, लुम्बा सेट, गणेश, कृष्ण, श्रीमद्भागवत और सजीव प्रतीकों से युक्त राखियां सजी हैं। युवतियों के बीच भाई सुपर स्टार, ब्रो, स्वैग ब्रदर, फुकरे बॉयज जैसी थीम राखियां आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। हालांकि बच्चों में इस बार छोटा भीम, डोरीमोन, टेडी बियर जैसी कार्टून राखियों की मांग पहले के मुकाबले कुछ कम नजर आ रही है। रक्षा बंधन से पहले बाजारों में जुट रही भीड़ से दुकानदार त्यौहार को लेकर उत्साहित दिख रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### शहर में कांग्रेस पार्टी की पदयात्रा आज

**सोनीपत।** कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता राकेश सौदा एडवोकेट ने बताया कि भारत छोड़ो आन्दोलन की 83वीं वर्षगांठ पर जिला कांग्रेस सेवादल एवं जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा पदयात्रा का आयोजन 8 अगस्त को किया जा रहा है। पदयात्रा की शुरुआत गांधी चौक से शुरु हो कर अम्बेडकर चौक, मामा भांजा चौक, गीता भवन से होते हुए सुभाष चौक पर समाप्त होगी। कार्यक्रम का उद्देश्य आम जनमानस को देश के इतिहास से अवगत कराना है ताकि हमारी वर्तमान पीढ़ी अपने आजादी के सच्चे नायकों के बारे मे जान सके।

### सीएम 17 को आईएमटी खरखौदा आएंगे

**खरखौदा।** 17 अगस्त को वन महोत्सव कार्यक्रम आईएमटी खरखौदा जोन के कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शामिल होंगे। खरखौदा आईएमटी में केएमपी के साथ साथ और खरखौदा दिल्ली मार्ग पर आईएमटी एरिया में दो प्वाइंटों पर 21 हजार पौधे रोपे जाने की योजना है। इस अभियान को लेकर जिला उपायुक्त सुशील सारवान, खरखौदा एसडीएम डा. निर्मल नागर, जिला वन अधिकारी रेनू बाला, एचएसआईआईडीसी से एक्सईएन कुलबीर सिंह व मारूति के अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। दोनों साइटों का दौरा किया, जिसमें दोनों ही प्वाइंट को जल्द समतल करने के निर्देश दिए।

## यूईआर-2 खोलेगा विकास के नए द्वार, जद में होंगे एयरपोर्ट और गुरुग्राम

# स्गिनल फ्री सफर, अब 20 मिनट में कुंडली बार्डर से पहुंच जाएंगे एयरपोर्ट

16 अगस्त को पीएम मोदी करेंगे द्वारका एक्सप्रेस वे से यूईआर-2 का लोकार्पण, यूईआर-2 में 334पी भी शामिल, बड़वासनी से बवाना तक जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

प्रदेश में सड़कों का जाल लगातार फैलता जा रहा है। वहीं राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से नजदीकी होने के कारण सोनीपत को भी काफी फायदा पहुंच रहा है। आने वाली 16 अगस्त को देश के प्रधानमंत्री दिल्ली के तीसरे रिंग रोड अर्बन एक्सटेंशन रोड (यूईआर-2) का लोकार्पण करेंगे। इस यूईआर में एनएच 344 एम, एनएच 344 पी और एनएच 344 एन शामिल हैं।



यूईआर-2 का हिस्सा 344 पी, जोकि बड़वासनी से शुरू होकर बवाना तक जाता है।

### सोनीपत से 45 मिनट में पहुंचेंगे एयरपोर्ट

यूईआर में शामिल एनएच 344 पी से दिल्ली एयरपोर्ट पर जाने के लिये रास्ता सुगम होगा। सोनीपत के कुंडली बॉर्डर से महज पांच किलोमीटर दूर अलीपुर के पास स्थित गांव बकौली से नजफगढ़ होते हुए इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (आईजीआई) एयरपोर्ट तक का सफर महज 20 मिनट में पूरा कर लिया जाएगा। औद्योगिक और व्यापारिक गतिविधियों के लिए यह प्रोजेक्ट वरदान साबित होगा। सोनीपत से एयरपोर्ट पहुंचनें में लगभग 45 मिनट लगेंगे। इससे प्रदूषण नियंत्रित होगा साथ ही समय और ईंधन की भी बचत होगी। हरियाणा, पंजाब, चंडीगढ़ की ओर से आने वाले वाहन जिन्हें एयरपोर्ट, गुरुग्राम, जयपुर की तरफ जाना है। उन्हें सिग्नल फ्री सफर मिलेगा।

### सात हजार करोड़ से अधिक का खर्च

एनएचएआई की तरफ से निर्मित 75.71 किलोमीटर लंबा तीसरा रिंग रोड अलीपुर से शुरू होकर द्वारका, नजफगढ़, मुंडका, महिपालपुर होते हुए गुरुग्राम एक्सप्रेस वे से जुड़ेगा और एनएच-344पी, एनएच-344एम और एनएच-344एन जैसे तीन प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्गों से भी जुड़ाव करेगा। इस परियोजना पर कुल 7 हजार 715.59 करोड़ रुपये खर्च किया जा चुके हैं। इनका लोकार्पण द्वारका एक्सप्रेस वे पर 16 अगस्त को प्रधानमंत्री करेंगे। प्रधानमंत्री के आगमन को देखते हुए जिला प्रशासन जिसकी तैयारियों को अंतिम रूप में देने में जुटा हुआ है।

### जिले के लिए वरदान बनेगा रिंग रोड

सोनीपत दिल्ली का सीमावर्ती जिला रहा है, लेकिन अब वह दिल्ली की लॉजिस्टिक्स रीढ़ बनने की ओर अग्रसर है। गांव बड़वासनी से बवाना तक बना 29.60 किलोमीटर लंबा मार्ग, पहले ही औद्योगिक गतिशीलता को रफ्तार दे चुका है। अब तीसरे रिंग रोड के चालू होते ही सोनीपत की लॉजिस्टिक्स, वेयरहाउसिंग, ट्रांसपोर्ट और रियल एस्टेट सेक्टरों में जबरदस्त उछाल की संभावना बन गई है। इस रोड से न केवल दिल्ली की ट्रैफिक भीड़ को घटाएगी, बल्कि प्रदूषण में कर्मी करेगी। ईंधन व समय की बचत और औद्योगिक लागत में कटौती आएगी।

### दिल्ली एयरपोर्ट व गुरुग्राम का खुलेगा एक नया रास्ता

इन तीनों में से एनएच 344 पी बड़वासनी से शुरू होकर बवाना औद्योगिक क्षेत्र तक जाता है। इस रोड के जरिये सोनीपत को दिल्ली, दिल्ली एयरपोर्ट और गुरुग्राम से जोड़ने का एक और रास्ता खुल जाएगा। जोकि सीधे दिल्ली एयरपोर्ट या गुरुग्राम जाने के लिये सफर को और आसान बनाएगा। इस एक्सटेंशन रोड का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। जिस पर कुल मिलाकर 7 हजार करोड़ रुपये से अधिक का खर्च किया गया है।

यूईआर-2 को देश की सबसे आधुनिक शहरी यातायात परियोजनाओं में गिना जा रहा है। इसमें 27 फ्लाईओवर, 2 आरओबी (रेलवे ओवर ब्रिज), 11 अंडरपास, 17 सब-वे, 111 किलोमीटर लंबी सर्विस रोड है।

इस परियोजना से राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में विकास, कनेक्टिविटी और औद्योगिक क्रांति की नई धुरी बनने जा रही है। इस हाईवे से अब सोनीपत के लोगों को दिल्ली एयरपोर्ट और गुरुग्राम तक जाना बेहद आसान हो जाएगा। खास बात ये है कि इस रोड की शुरूआत के साथ ही नेशनल हाइवे 44 यानि की जीटी रोड से भी वाहनों का दबाव कम होगा। वहीं एयरपोर्ट जाने या फिर गुरुग्राम जाने के लिये दिल्ली जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। जिससे दिल्ली के अंदर भी वाहनों का दबाव कम होगा। इससे ट्रैफिक जाम से राहत मिलेगी और सफर आसान, तेज और पूरी तरह से सिग्नल फ्री होगा।



# पत्नी के सामने फर्नीचर कारीगर की चाकूओं से गोदकर की हत्या

- ममेरे साले की शादी में शामली गया था, वापसी में इस्सापुर खुरगार के पास हुई वारदात।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर


मृतक शहबाज, फाइल फोटो

बादशाही रोड निवासी 28 वर्षीय फर्नीचर कारीगर की यूपी में पत्नी के सामने चाकूओं से गोदकर हत्या कर दी। हत्या के बाद बदमाश सवा लाख रुपये व बाइक लेकर फरार हो गए। यूपी पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

शाहनवाज अपने ममेरे साले की शादी के लिए यूपी के कैराना से सवा लाख का हार लेकर पत्नी के साथ बाइक से शामली के गांव इस्सापुर खुरगान जा रहा था। रास्ते में बदमाशों ने लूट के इरादे से रोका तथा विरोध करने पर चाकूओं से गोदकर उसकी हत्या कर दी। मौके पर मौजूद पत्नी बदमाशों के सामने गिड़गिड़ाती रहीं, परंतु बदमाशों पर उसका कोई फर्क नहीं पड़ा।

### बापौली के पास बदसलूकी

शाहनवाज के फुफेरे भाई फारुख ने बताया कि शाहनवाज अपनी पत्नी के साथ बुधवार को शामली में शादी समारोह में शामिल होने के लिए निकला था। उसकी भाभी मैफरीन ने उन्हें बताया कि पानीपत के बापौली गांव के पास तीन अज्ञात युवकों ने उनकी बाइक रुकवा कर उनसे बदसलूकी की। विरोध करने पर तीनों युवक वहां से चले गए। वीरवार को शाहनवाज अपनी पत्नी के साथ जब कैराना से सवा लाख का दूल्हे का हार लेकर लौट रहा था तो उन्हीं तीनों युवकों ने उनकी बाइक रुकवाई और शाहनवाज व उसकी पत्नी के साथ डंडो से हमला किया। बाद में हमलावरों ने चाकू से हमला कर शाहनवाज की हत्या कर दी और डेढ लाख का हार भी लेकर फरार हो गए।

### गिड़गिड़ाती रही पत्नी

शाहनवाज के परिजनों ने बताया कि जब लूटेरे शाहनवाज को चाकू मार रहे थे तो शाहनवाज की पत्नी मैफरीन अपने पति के बचाव के लिए गिड़गिड़ाती रही, लेकिन उन्हे बिल्कुल भी रहम नही आया और हत्या कर मोटरसाईकिल पर बैठकर फरार हो गए। अपने पति की अपने सामने मौत को देखकर मैफरीन भी बेसुध हो गई थी।

शाहनवाज मूल रूप से गन्नौर के गांव गढ़ीझंझारा का निवासी था।

# भांजी से छेड़छाड़ और बेटी से दुष्कर्म

- पड़ोस में रहता है कंपनी का ठेकेदार, महिला की शिकायत पर केस दर्ज।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

कुंडली थाना क्षेत्र मे ममेरी नाबालिग बहन से छेड़छाड़ व किशोरी से दुष्कर्म करने के आरोप का मामला सामने आया है। महिला ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में आरोपित ठेकेदार के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपित की तलाश के प्रयास कर रही है।

एक महिला ने पुलिस को शिकायत देकर बताया कि वह कंपनी में काम करती है। उसके पास उसकी बहन की लड़की रहती है। उसकी बहन की लड़की की आयु 14 वर्ष व उसकी बेटी की आयु 17 वर्ष है। उसकी बेटियों ने बताया कि उनके पड़ोस में रहने वाला ठेकेदार उनके कंपनी में जाने के बाद घर पर आता जाता है। पड़ोस में होने के चलते एक दूसरे से जान पहचान भी है। आरोप है कि ठेकेदार ने उसकी बहन की बेटी के साथ छेड़छाड़ की। पूछताछ में जानकारी मिली कि उसकी बेटी के साथ आरोपित ने कई बाद दुष्कर्म किया है। किसी से कुछ बताने पर परिवार सहित जान से मारने की धमकी दी। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। थाना प्रभारी सेठी महिल ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द आरोपित के खिलाफ आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

# पीजीआई में पकड़ा सोनीपत का फर्जी डॉक्टर



- गांव कंसाला निवासी विदेश से एमबीबीए करके आए कृष्ण की जगह इंटर्न बना साहद।

**सोनीपत/रोहतक।** प्रदेश के सबसे बड़े चिकित्सा संस्थान रोहतक पीजीआईएम में फर्जी इंटर्न डॉक्टर सोनीपत के गांव निजामपुर माजरा गांव का युवक पकड़े जाने से हड़कंप मच गया। 12वीं पास साहद ने अल्पकालिक पेशेंट केयर अस्सिटेंट का डिप्लोमा किया हुआ है। वह यूनाइटेड किंगडम से एमबीबीएस की डिग्री लेकर लौटे गांव कृष्ण अहलावत की जगह महीनों से पीजीआई में न केवल इंटर्न डॉक्टर बनकर घूम रहा था, बल्कि मरीजों की जांच भी कर रहा था। इसी साल जून में इंटर्नशिप में शामिल हुए कृष्ण गहलावत ने कुछ समय बाद ही अस्पताल आना बंद कर दिया तथा साहद ने उसकी जगह ले ली।इस घटना ने पीजीआईएम की सुरक्षा व स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। गुरुवार को शक होने पर जब अस्पताल कर्मियों व सुरक्षा कर्मचारियों ने ड्यूटी रोस्टर रजिस्टर देखा तो उसमें कृष्ण का नाम दर्ज था, जबकि ड्यूटी पर कार्यरत व्यक्ति ने खुद को साहद बताया। जब वह कोई दस्तावेज पेश नहीं कर पाया तो उच्चाधिकारियों के पास पहुंचा। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची तथा पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि वह अपने कृष्ण के कहने पर मरीजों को देख रहा था। पुलिस ने इस मामले में कृष्ण को भी सह आरोपी बनाया है।

### पिता बोला, बेटा निर्दोष

खरखौदा। साहद के पिता ईनाम ने अपने बेटे को निर्दोष बताते हुए कहा कि साहद को निर्दोष बताते हुए कहा कि वह तो बृहस्पतिवार को अपने भतीजे के शीशे में भर्ती नवजात बच्चे के लिए खाना लेकर पीजीआई गया था। साहद डॉक्टर बनना चाहता है और दो बार नीट की परीक्षा भी दे चुका है। ईनाम ने दावा किया कि साहद अस्पताल में एक जानकार चिकित्सक से मिलने गया था व उसी के पास बैठा था। इसी दौरान उसे फर्जी डॉक्टर बताकर पकड़ लिया। उसका ऐसा कोई इरादा नहीं था

# बेटे ने करवाई थी पिता की हत्या

- साथी कबड्डी खिलाड़ी के साथ मिलकर रची थी साजिश, कार से मारी टक्कर।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

आईएमटी खरखौदा में बीते सप्ताह हुए सड़क हादसे में शक की सुई अब हत्या की ओर मुड़ गई है। पुलिस जांच में खुलासा हुआ है कि यह हादसा नहीं, सुनियोजित साजिश थी। जिसमें मृतक का नाबालिग बेटा ही शामिल था। 24 जुलाई की रात थाना कलां निवासी सावंत कुमार की स्कूटी को सोहटी मार्ग पर थार गाड़ी ने टक्कर मार दी थी। शुरुआत में यह मामला हादसा माना था, लेकिन बाद में मृतक के पिता फूल कंवर ने इसे साजिशन हत्या बताते हुए शिकायत दी। जांच आगे बढ़ी तो चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि सावंत का बेटा अपने पिता व मां की पिटाई से आहत था। उसने अपने कबड्डी साथी विकास (निवासी दुबलधन माजरा, झज्जर) के साथ मिलकर पिता की हत्या की साजिश रची। योजना के तहत विकास ने थार गाड़ी से सावंत कुमार की स्कूटी को जोरदार टक्कर मारी, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने विकास को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे तीन दिन के रिमांड पर भेज दिया गया है। मृतक के नाबालिग बेटे को भी हिरासत में लेकर किशोर न्याय बोर्ड के सामने पेश किया। इस घटना ने समाज में बढ़ती संवेदनहीनता व रिश्तों में खाई की भयावह तस्वीर पेश करता है।



## महाजन फाउंड्री फैक्ट्री की छत में लगी आग, दो दमकल गाड़ियों ने पाया काबू

**गन्नौर।** बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में वीरवार को 95 नंबर महाजन फाउंड्री फैक्ट्री की छत में अचानक आग लग गई। फैक्ट्री में अलग-अलग धातुओं से उत्पाद तैयार किए जाते हैं। फैक्ट्री में कर्मचारियों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया, लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका। जिसके बाद फैक्ट्री संचालक ने तुरंत दमकल विभाग को इसकी सूचना दी। आग लगने की सूचना पर बड़ी औद्योगिक क्षेत्र व गन्नौर से दमकल गाड़ियों मौके पर पहुंची, लेकिन आग ने फैक्ट्री छत को पूरी तरह से अपनी चपेट में ले लिया। दोनों गाड़ियों ने मिल कर आग पर काबू पाया। गनिमत रही कि आग से किसी तरह की जनहानी नहीं हुई। फैक्ट्री एक महीने पहले ही शुरू की गई थी।

## प्रॉपर्टी डीलर से 1.28 करोड़ की ठगी में महिला काबू

**गन्नौर।** आर्थिक अपराध शाखा ने प्रापर्टी डीलर से करीब 1 करोड़ 28 लाख रुपये की ठगी के मामले में आरोपित एक महिला को गिरफ्तार किया है। आरोपित महिला सोनीपत जिले की रहने वाली है। इससे पहले इस मामले में एक अन्य आरोपित दीपक निवासी माई चंद कालोनी गन्नौर को भी गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस के अनुसार 3 जून 2025 को राजेंद्र सिंह निवासी गन्नौर ने थाना गन्नौर में शिकायत दर्ज करवाई थी कि दीपक शर्मा ने अक्टूबर 2023 में योजनाबद्ध तरीके से अपने साथियों के साथ मिलकर उसके साथ करोड़ों रुपये की ठगी की। शिकायत के आधार पर थाना गन्नौर में मामला दर्ज कर जांच आर्थिक अपराध शाखा को सौंपी गई थी। एसआई नवनीत ने बताया कि मामले में आरोपित महिला को भी गिरफ्तार कर लिया गया है।

## रक्षाबंधन पर सौगात, 15 साल तक के बच्चे भी कर सकेंगे फ्री सफर

# आज दोपहर 12 बजे से बहनों की बसों में फ्री यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

रक्षाबंधन के पावन पर्व पर हरियाणा रोडवेज ने परंपरा को निभाते हुए इस साल भी महिलाओं और 15 वर्ष तक के बच्चों के लिए मुफ्त यात्रा सेवा की घोषणा की है। यह सुविधा 8 अगस्त (शुक्रवार) दोपहर 12 बजे से शुरू होकर 9 अगस्त (शनिवार) रात 12 बजे तक जारी रहेगी।

मुख्यालय से सभी संबंधित अधिकारियों को इस संबंध में दिशा-निर्देश भेजे जा चुके हैं। साथ ही महिलाओं को बेहतर परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रोडवेज विभाग ने तीन दिनों तक सभी चालकों और परिचालकों की छुट्टियां रद्द कर दी हैं। स्थानीय रूटों पर अधिक बसों के संचालन का निर्णय भी लिया गया है, जिससे यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

बता दें कि सोनीपत डिपो में फिलहाल रोडवेज की 109 और किलोमीटर स्कीम के तहत 37 बसें संचालित हो रही हैं। ये बसें दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान और जम्मू सहित कई राज्यों में सेवाएं देती हैं। रक्षाबंधन के अवसर पर महिलाओं की बढ़ती आवाजाही को देखते हुए 10 अगस्त तक लोकल रूटों पर बसों के फेरे बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं।

बस अड्डे पर भीड़ को नियंत्रित करने के लिए जहां आवश्यकता होगी, वहां अतिरिक्त बसें भेजी जाएंगी। सभी बसों को रूट पर दौड़ाने के लिए चालक और परिचालकों की ड्यूटी निर्धारित कर दी गई है। विभाग का कहना है कि यात्री संख्या के अनुसार हर लोकल रूट पर बसों की संख्या तय की जाएगी, और जरूरत पड़ने पर इसे बढ़ाया जाएगा।



### कर्मचारियों की लगाई ड्यूटी

> शुक्रवार दोपहर 12 बजे से महिलाओं और उनके साथ 15 वर्ष तक के बच्चों को रोडवेज बसों में मुफ्त यात्रा की सुविधा मिलेगी, जो शनिवार रात 12 बजे तक जारी रहेगी। सभी लोकल रूटों पर बसों के संचालन के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी लगा दी गई है। हमारा प्रयास रहेगा कि महिलाओं को यात्रा के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो।
>
> *-सुरेंद्र दुग्गल, बस अड्डा प्रभारी।*

### सहकारी समिति की बसों पर भी रहेगी नजर

सोनीपत बस अड्डे से इस समय सहकारी समिति की 48 और अन्य जिलों की 14 बसें संचालित हो रही हैं, जिससे कुल 62 बसों का संचालन होता है। यदि सरकार की ओर से सहकारी समिति की बसों में भी मुफ्त यात्रा सेवा लागू की जाती है, तो इन पर विशेष निगरानी के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाएगी। यदि कोई सहकारी समिति का बस संचालक महिलाओं से किराया वसूल करता हुआ पाया गया, तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई होगी।

## खबर संक्षेप

### वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** क्राइम यूनिट वेस्ट सोनीपत पुलिस टीम ने अवैध हथियार की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित विकास निवासी चोलका सोनीपत का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। उप निरीक्षक बिजेंद्र की टीम गश्त के दौरान गोहाना रोड बाईपास के पास मौजूद थी। उन्हें गुप्त सूचना मिली थी।

### गाड़ी, नकदी छीनने का आरोपी गिरफ्तार

**सोनीपत।** मोहाना थाना सोनीपत पुलिस ने पिस्तौल के बल पर गाड़ी, रुपये व मोबाइल फोन छीनने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित सागर निवासी मदीना का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश कि। जहां से उसे दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है। खानपुर खुर्द गढ़ी हाल में देवड़ू रोड निवासी राकेश ने गत 20 जून को पुलिस को शिकायत दी थी।

### वाहन चोरी की वारदात में शामिल आरोपित दबोचा

**सोनीपत।** सदर थाना सोनीपत पुलिस ने दोपहिया वाहन चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित सन्नी उर्फ खूनी निवासी मांडोठी झज्जर का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपितो से पूछताछ की जा रही है। गांव मटिंडू निवासी संदीप ने बताया कि वह सुबह करीब छह बजे अपनी बाइक पर सवार होकर मटिंडू जा रहा था।

### तीसरी बार अध्यक्ष बने विकास मलिक

**सोनीपत।** इनेलो ने अपने संगठन को और भी ज्यादा प्रभावशाली बनाने के लिए युवा इनेलो के जिलाप्रधानों की सूची जारी कर दी। जिसमें सोनीपत सेक्टर 15 निवासी युवा नेता विकास मलिक को लगातार तीसरी बार युवा अध्यक्ष मनोनित किया है। मलिक काफी समय से पार्टी के साथ हैं। 2013-14 एसडी कॉलेज पंजाब यूनिवर्सिटी में सेक्रेटरी बने। यूटी स्टेट उप प्रधान व इनेलो प्रधान महासचिव जैसे पदो पर रहे। दो बार पार्टी ने सोनीपत हल्का अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी।

### तिरंगा चौक सौंदर्यीकरण को फाउंडेशन ने सौंपा ज्ञापन

**गोहाना।** हर घर तिरंगा फाउंडेशन टीम द्वारा गुरुवार को शहर में पुराने बस अड्डे समीप स्थित तिरंगा चौक के सौंदर्यीकरण के लिए नगर परिषद की चेयरपर्सन रजनी विरमानी के नाम उनके पति राजू विरमानी को ज्ञापन सौंपा। विरमानी ने जल्द ही चौक का सौंदर्यकरण कार्य शुरू करवाने का आश्वासन दिया। फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संस्थापक दीपक कश्यप ने बताया कि गोहाना में पुराने बस स्टैंड के पास तिरंगा लगाया गया है जो कि हमारे लिए गर्व की बात है।

### एसडीएम से किया गली की दशा सुधारने का अनुरोध

**खरखौदा।** एसडीएम डा. निर्मल नागर की अगुवाई में लगाए गए समाधान शिविर में पिपली गांव से काफी महिलाएं व पुरुष पहुंचे। जिन्होंने गांव की एक गली के खस्ता हाल में होने के कारण आवाजाही करने में परेशानी का समाधान करवाने की मांग की। ग्रामीणों ने इस दौरान कहा कि कुछ दबंग लोग उनकी गली का निर्माण नहीं होने दे रहे हैं, ऐसे में उनकी गुहार को सुनकर गली निर्माण के आदेश दे दिए।

### वर्षा जल की निकासी की व्यवस्था का जायजा लिया

**गोहाना।** गुरुवार को बरोदा हलका के विधायक इंदुराज नरवाल भालू की अनुपस्थिति में उनके छोटे भाई इंदुप्रकाश ने अधिकारियों के साथ छिछड़ाना और माहरा सहित कई गांवों के खेतों का दौरा किया। इंदुप्रकाश ने खेतों से अतिरिक्त वर्षा जल की निकासी की व्यवस्था का जायजा लिया। कहा कि मदीना के खेतों से जल की निकासी के लिए भडेरी ड्रेन तक 50 एकड़ की लंबाई में दबाई भूमिगत पाइपलाइन कई जगह बंद हो चुकी है।

---

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों में 900 विद्यार्थियों ने लिया भाग

# स्वतंत्रता दिवस : रिहर्सल कार्यक्रम प्रारंभ, देशभक्ति का जज्बा प्रदर्शित

### पुलिस लाइन में 13 अगस्त को होगी फुल ड्रेस रिहर्सल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

79वां स्वतंत्रता दिवस आगामी 15 अगस्त को पुलिस लाइन, सोनीपत में धूमधाम से मनाया जाएगा। मुख्य आयोजन की तैयारियों के तहत वीरवार को एसएम हिंदू स्कूल, सोनीपत में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रिहर्सल का शुभारंभ किया गया, जिसमें जिले के 9 स्कूलों के 900 विद्यार्थियों ने भाग लिया। रिहर्सल में पीएमश्री जीएसएसएसएस सोनीपत, जीएमएसएसएसएस मॉडल टाउन, लिटिल एंजल्स, रेणु विद्या मंदिर, इंडियन स्कूल, जैन विद्या मंदिर, ऋषिकुल विद्यापीठ, ब्राइट स्कॉलर स्कूल के विद्यार्थी शामिल हुए। रिहर्सल कार्यक्रम में स्कूली विद्यार्थियों द्वारा सामूहिक गान, सामूहिक नृत्य, देशभक्ति गीत, हरियाणवी लाइव प्रस्तुति, फ्यूजन देशभक्ति और कम्युनिटी सोनीपत जैसे कार्यक्रमों की रिहर्सल की जाएगी। 8 अगस्त को भी रिहर्सल कार्यक्रम एसएम हिंदू स्कूल में आयोजित किए जाएंगे, जबकि 12 व 13 अगस्त को पुलिस लाइन, सोनीपत में अभ्यास होगा। 13 अगस्त को फुल ड्रेस में अंतिम रिहर्सल की जाएगी। इस अवसर पर डीआईपीआरओ राकेश गौतम, डीपीसी सुजाता खत्री सहित सभी भाग लेने वाले स्कूलों के शिक्षकगण उपस्थित रहे।



सोनीपत। रिहर्सल के दौरान अपनी प्रस्तुति देते स्कूली विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि



खरखौदा। अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते एसडीएम।

### समारोह की गरिमा बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिकता

**खरखौदा।** स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर उपमंडल अधिकारी (नागरिक) डा. निर्मल नागर ने बृहस्पतिवार को स्थानीय लघु सचिवालय में विभागीय अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में समारोह की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा करते उन्होंने सभी विभागों को जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। एसडीएम ने स्पष्ट किया कि इस बार स्वतंत्रता दिवस समारोह 15 अगस्त को अनाज मंडी परिसर में आयोजित किया जाएगा, जिसकी तैयारियां समय रहते पूरी हो जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि समारोह की गरिमा बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिकता है, ऐसे में किसी भी प्रकार की कोताही या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में उन्होंने सुरक्षा, पेयजल व्यवस्था, साफ-सफाई, विद्युत आपूर्ति, ट्रैफिक प्रबंधन, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, झंडारोहण, मार्च पास्ट और अतिथियों के स्वागत सहित सभी जरूरी व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी संबंधित अधिकारियों को सौंपी।

### तिरंगे की महत्ता के बारे में बताया



**सोनीपत।** टीकाराम कन्या महाविद्यालय में हर घर तिरंगा अभियान शुरु किया गया। इसका शुभारंभ कॉलेज प्राचार्या कंचन सौधर द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्राचार्या ने अभियान की जागरूकता और तिरंगे की महत्ता के बारे में बताया। इस अभियान के तहत छात्राओं को ध्वज संहिता का पालन करने व तिरंगे अखंडता को बनाए रखने के लिए शपथ दिलाई। इस अभियान की संयोजिका डॉ. निशा दहिया व डॉ. मोनिका कुमारी ने बताया की इस अभियान की लहर देश के हर घर तक पहुंचनी चाहिए। उन्होंने यही समझाया कि यदि किसी के घर में या आस पास कोई खंडित तिरंगा है तो उसे सम्मान के साथ उतार कर नया तिरंगा लगाना चाहिए। इस मौके पर डॉ. सविता, डॉ. आशा, मीनाक्षी, डॉ. नीलम मौजूद रही।

---

# अलौकिक दिव्य पुंज की भांति प्रेरणा देंगे गच्छाधिपति महाराज : डॉ. अरविंद

- कैबिनेट मंत्री समेत सामाजिक-धार्मिक संगठनों व हजारों श्रद्धालुओं ने किए अंतिम दर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना

महान जैन संत गच्छाधिपति सेठ प्रकाश चन्द महाराज का सम्पूर्ण जीवन एक विचार, श्रेष्ठ व्यक्तित्व व सर्वधर्म सद्भाव के अनूठे उदाहरण थे, जो चिरकाल तक हम सभी की स्मृति में रहेंगे। एक अलौकिक दिव्य पुंज की भांति उनका विचार हमें सदैव प्रेरणा देता रहेगा।

गुरुवार को सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने मंगलवार को ब्रह्मलीन हुए देश के महान जैन सन्त सेठ प्रकाश चन्द महाराज को अपने श्रद्धा-सुमन अर्पित करते हुए उनके सानिध्य में बिताए समय को याद किया। तपोधनी पब्लिक स्कूल परिसर में अंतिम दर्शनों के उपरांत नगर परिक्रमा में हजारों श्रद्धालुओं ने अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि दी।



कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि गुरुदेव के देवलोकगमन से सन्त समाज ही नहीं, अपितु देश-विदेश में बसे श्रद्धालुओं में भारी पीड़ा है। उनका जीवन व समर्पण हमेशा सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ राष्ट व समाज को मजबूती देने का विश्वास देता रहेगा। उन्होंने बीते 18 जुलाई को सेठ प्रकाश चन्द महाराज के सानिध्य को स्मरण करते हुए कहा कि गुरुदेव ने वर्ष 2026 की बड़ी योजनाओं पर चर्चा की थी, जो समाज को ऊर्जा व एकजुटता प्रदान करेंगी। उन्होंने कहा कि उनके दिखाए मार्ग पर हम सभी को मिलकर आगे बढना है।



सोनीपत। तालाब में गंदगी दिखाते श्रद्धालुगण। फोटो :हरिभूमि

### तालाब की बिगड़ती स्थिति पर रोष

**सोनीपत।** दादा मोहनदास धाम में स्थित सैकड़ों साल पुराना ऐतिहासिक तालाब प्रशासन की अनदेखी के चलते लगातार गंदा होता जा रहा है। यह तालाब न सिर्फ धार्मिक आस्था का प्रतीक रहा है, बल्कि वर्षों से श्रद्धालुओं की सुख-शांति की कामनाओं का भी केंद्र रहा है। पुराने समय से मान्यता रही है कि तालाब की मिट्टी श्रद्धालु अपने घर ले जाकर सुख-समृद्धि की प्रार्थना करते थे। लेकिन अब इस पवित्र स्थल की दुर्दशा हो गई है। स्थानीय लोगों के अनुसार, तालाब में बाहर से गंदा पानी आने के कारण इसका जल दूषित हो चुका है। लोग तालाब में कूड़ा-कचरा भी फेंक रहे हैं, जिससे मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है और आसपास की आबादी को बीमारी फैलने का डर सता रहा है। श्रद्धालुओं को धार्मिक कार्यों में भी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। धाम के योगी ओमनाथ, सुखबीर नाथ, बलबीर नाथ, संध्या, सुषमा, शमशेर और भगवानदास सहित अन्य लोगों ने तालाब की बिगड़ती स्थिति पर गहरा रोष जताया और प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की मांग की है।

### सागर हत्याकांड मामले में तीसरा आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** मुरथल थाना क्षेत्र के गांव भिगान में सागर हत्याकांड मामले में पुलिस ने तीसरे आरोपित को भी गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपित की पहचान टिकौला गढ़ी निवासी शानू के रूप में हुई है। पुलिस ने उसे अदालत में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। भिगान निवासी साहिल ने बताया था कि 19 जून को उसके भाई सागर का शव गांव की गली में एक घर के बाहर पड़ा मिला था। सागर के शरीर पर चोटों के निशान थे। परिजनों की मानें तो घटना वाली रात सागर के मोबाइल पर हैप्पी की कॉल आई थी, जिसे उसकी बहन ने उठाया था। हैप्पी ने सागर के बारे में पूछताछ की थी। बाद में पता चला कि भिगान के हैप्पी, प्रमेंद्र उर्फ निखिल और टिकौला गढ़ी के शानू ने सागर को हैप्पी के घर बुलाकर शराब पिलाई और उसके साथ मारपीट की। गंभीर रूप से घायल होने पर उसे गली में छोड़ दिया गया, जहां उसकी मौत हो गई।

---

### महिलाओं को स्तनपान का महत्व बताया

**सोनीपत।** इनरव्हील क्लब सोनीपत ने वीरवार को सेक्टर 14 में स्तनपान जागरूकता पर एक महत्वपूर्ण व्याख्यान का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में डॉ. साक्षी बंसल ने माताओं और शिशुओं के स्वास्थ्य के लिए स्तनपान के महत्व पर प्रकाश डाला। डॉ. उषा बंसल (स्त्री रोग विशेषज्ञ) और डॉ. हरीत बंसल (बाल रोग विशेषज्ञ) ने भी स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण सुझाव दिए। क्लब अध्यक्ष अनीता मदान ने सभी डॉक्टरों और सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में गर्भवती और दुग्धपान कराने वाली माताओं को जॉनसन एंड जॉनसन किट्स वितरित की गई। इस अवसर पर क्लब की सदस्याएं सुषमा दहिया, सुखदा नागपाल, सुशीला कुमार, उषा शर्मा, शांति सोलंकी और प्रवीण नैन उपस्थित थी।



कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को किट वितरित करती क्लब की पदाधिकारी एवं सदस्यगण।



खरखौदा। शिविर में मरीजों की जांच करते चिकित्सक। फोटो :हरिभूमि

### शिविर में 70 का स्वास्थ्य जांचा

**खरखौदा।** गांव थाना खुर्द में जीवन ज्योति जन कल्याण सेवा समिति थाना खुर्द और मंडोरा डिस्पेंसरी द्वारा गांव की पोस्तान चौपाल में एक स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें 70 मरीजों का चेकअप किया गया और डिस्पेंसरी द्वारा दी गई। 10 मरीजों को चश्मे समिति द्वारा वितरित किए गए। समिति अध्यक्ष सत्येंद्र दहिया ने बताया कि संस्था समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कैंप लगवाती रहती है। डॉ. नीलम ने शांति देवी को एक पेड़ मां के नाम मुहिम के द्वारा एक पौधा देकर कैंप की शुरुआत की। पंचायत समिति अध्यक्ष सत्येंद्र दहिया, डॉ. नीलम फार्मासिस्ट उषा, योगा टीचर प्रदीप, सहदेव, पूर्व सरपंच नरेंद्र, कुलदीप सिंह, सुमित, जय सिंह, यौवन दहिया जोगिंद्र आदि का सहयोग रहा।

### भाजपा समर्थक मंच के अध्यक्ष बने आंतिल

**राई।** राई हलके के भाजपा नेता मास्टर सतनारायण आंतिल को भाजपा समर्थक मंच के हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष बनने पर कार्यकताओं द्वारा फूल-माला पहनाकर स्वागत किया। इसके अलावा श्री भगवान जोगी नांगल खुर्द को बीजेपी समर्थक मंच का प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया। अपनी नियुक्ति पर मास्टर सतनारायण आंतिल ने भाजपा समर्थक मंच के शीर्ष नेतृत्व व सभी सम्मानित कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। मास्टर सतनारायण आंतिल ने अपनी नियुक्ति को लेकर कहा कि मंच ने उनके ऊपर जो विश्वास दिलाया कि वो संगठन के लिए लग्न व निष्ठा से काम करेंगे। सम्मान कार्यक्रम में भाजपा नेता सतनारायण आंतिल ने भाजपा संगठन को मजबूत करने की संकल्प लिया। इस मौके पर काफी संख्या में लोग मौजूद थे।



राई। भाजपा समर्थक मंच के हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष मास्टर सतनारायण आंतिल व भगवान जोगी का स्वागत करते हुए।




स्कूल निदेशक योगराज भारद्वाज विजेताओं को सम्मानित करते हुए।

### पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया

**राई।** ओम शांति शिक्षा सदन नाथूपुर में सामान्य ज्ञान ओलंपियाड के छात्र-छात्राओं को आकर्षक पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। सामान्य ज्ञान विषय में रूचि लेते हुए स्कूल के 25 छात्रों ने ओलंपियाड में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। ओलंपियाड की परीक्षा में सामान्य ज्ञान से सम्बधित प्रश्न पूछे गए। जिसमें छात्र-छात्राओं ने अपने ज्ञान का लोहा मनवाया व जीत हासिल की। स्कूल निर्देशक योगराज भारद्वाज, प्रधानाचार्य राजेश गुप्ता ने विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कार व प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया।

---



खरखौदा। प्रतियोगिता में बनाई गई राखियां दिखाती छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

### राखी बनाओ प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा

**खरखौदा।** रक्षाबंधन के उपलक्ष में एपी गर्ग पब्लिक स्कूल में राखी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा नर्सरी से लेकर बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने रंग बिरंगे, धागों, मोतियों, सितारों और इको-फ्रेंडली सामग्री का प्रयोग करते हुए सुंदर और आकर्षक राखियों का निर्माण किया। प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों में भाई बहन के पवित्र संबंध की भावना को मजबूत करना था। कक्षा पहली से बारहवीं तक प्रतिभागियों में से श्रेष्ठ राखियों का चयन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन एमएल गुप्ता ने विद्यार्थियों को रक्षाबंधन का सामाजिक और सांस्कृतिक महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि राखी केवल एक धागा नहीं, अपितु यह हमारे रिश्तों की डोर है जो प्रेम, विश्वास और सुरक्षा का प्रतीक है। प्रधानाचार्या अल्का गर्ग ने कहा कि इस तरह की गतिविधियां विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक होती है। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने अपने द्वारा बनाई गई राखियां अपने सहपाठियों को बांधकर भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया।

# नपा की अनदेखी की वजह से खेड़ी गुर्जर रोड पर जलभराव, नालों की सफाई नहीं होने से भरा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर

खेड़ी गुर्जर रोड पर नालों की सफाई न होने से हालात बिगड़ गए हैं। सड़क के दोनों ओर बने नालों में लंबे समय से गंदगी जमी हुई है, जिसकी वजह से पानी की निकासी नहीं हो पा रही। जिसके चलते अब बारिश का पानी नालों से ओवरफ्लो होकर सड़क पर आ गया है, जिससे पूरे क्षेत्र में जलभराव की स्थिति बन गई है। सड़क पर जमा पानी के कारण दोपहिया वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई वाहन चालक जलभराव में गिरकर चोटिल भी हो चुके हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि वे कई बार नगर पालिका अधिकारियों को इस समस्या से अवगत करा चुके हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। प्रशासन की अनदेखी से लोगों में नाराजगी बढ़ रही है।

स्थानीय दुकानदारों और राहगीरों का कहना है कि जलभराव से न केवल ट्रैफिक प्रभावित हो रहा है, बल्कि बदबू और मच्छरों की समस्या भी बढ़ती जा रही है। हालात ऐसे हो गए हैं कि राहगीरों को रास्ता बदलना पड़ रहा है। नागरिकों ने मांग की है कि नगर पालिका तत्काल प्रभाव से नालों की सफाई करवाए, ताकि बारिश के पानी की निकासी सुचारु रूप से हो सके और लोगों को राहत मिल सके।



गन्नौर। खेड़ी गुर्जर रोड पर भरा दूषित पानी। फोटो :हरिभूमि



सोनीपत। गेट मीटिंग करते पशुपालन विभाग के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी।

### पदविरुद्ध कार्य को लेकर रोष

**सोनीपत।** पशुपालन विभाग चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी यूनियन संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा ने उपनिदेशक कार्यालय के समक्ष गेट मीटिंग का आयोजन कर विभागीय अनियमितताओं के विरुद्ध जोरदार विरोध दर्ज कराया। बैठक की अध्यक्षता राज्य कोषाध्यक्ष अनिल कुमार ने की। मीटिंग में मुख्य रूप से यह मुद्दा उठाया गया कि विभाग द्वारा कर्मचारियों से उनके निर्धारित पदों के विरुद्ध जबरन सफाई का कार्य करवाया जा रहा है, जिससे कर्मचारियों में भारी रोष है। उपस्थित कर्मचारियों ने इस कार्यप्रणाली पर कड़ी नाराजगी जताई और उपनिदेशक को समस्या से संबंधित ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर राज्य कैशियर अनिल, जिला सचिव बिजेंद्र दहिया, मनोज, कुलदीप, दीपक सोनी, मनीष, रवि, जसवंत, गौरव और संदीप सहित अनेक कर्मचारी उपस्थित रहे। सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला सचिव सुनील दत्त ने बताया कि संघ द्वारा राज्य सरकार को पहले ही 15 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा जा चुका है, लेकिन अब तक सरकार ने ना तो वार्ता के लिए बुलाया है और ना ही मांगों पर कोई सकारात्मक पहल की है।

---

### कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने सुविधाओं का लिया जायजा

# स्वास्थ्य सेवाओं में गोहाना अस्पताल को बनाएंगे सर्वश्रेष्ठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना

कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने गुरुवार को नागरिक अस्पताल का औचक निरीक्षण किया और व्यवस्थाएं जांची। डॉ. अरविंद शर्मा ने स्वास्थ्य सेवाओं में बेहतर सुधार के लिए स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव से भी बात करते हुए नई अल्ट्रासाउंड मशीन लगाने, अल्ट्रासाउंड रेडियोलॉजिस्ट की व्यवस्था करने व पैथालॉजी से संबंधित सामान की नियमित आपूर्ति को लेकर चर्चा की। स्वास्थ्य मंत्री ने भरोसा दिलाया कि शीघ्र गोहाना अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत किया जाएगा।

कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने बरोदा रोड स्थित उपमंडल नागरिक अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। मंत्री ने अस्पताल में फार्मेसी, आपातकालीन सेवाओं व ओपीडी का दौरा करते हुए व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कैबिनेट मंत्री ने एसएमओ डॉ. संजय छिक्कारा को निर्देश दिए कि वो चिकित्सकों की पूरी टीम, नर्सिंग स्टाफ व अन्य सभी के कर्मचारियों के साथ मिलकर काम करें तथा अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं को प्रदेश में सर्वश्रेष्ठ बनाएं। कैबिनेट मंत्री ने एसएमओ से विभिन्न विषयों पर जानकारी ली और इस दौरान उनको पता चला कि गोहाना अस्पताल की पुरानी अल्ट्रासाउंड मशीन खराब है और अल्ट्रासाउंड रेडियोलॉजिस्ट की उपलब्धता नहीं है। इसी प्रकार पैथालॉजी में भी विभिन्न श्रेणी के सामान की आपूर्ति अनियमित है। इसके बाद डॉ. अरविंद शर्मा ने स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव से फोन पर बात की तथा गोहाना में शीघ्र एक अल्ट्रासाउंड मशीन उपलब्ध करवाने, एक अल्ट्रासाउंड रेडियोलॉजिस्ट नियमित या अतिरिक्त प्रभार के साथ भेजने पर जोर दिया। यही नहीं पैथालॉजी में सामान की निर्बाध आपूर्ति को लेकर भी चर्चा की। इसपर स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने तीनों विषयों के जल्द समाधान का भरोसा दिया।



अस्पताल में फार्मेसी संबंधी सुविधाओं की जानकारी लेते मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा।

### कम्प्यूटर व यूपीएस देने की घोषणा

गोहाना अस्पताल में मरीजों को एक्स-रे मशीन के डिजिटल प्रिंट नहीं मिलने के पीछे कम्प्यूटर व यूपीएस की कमी सामने आई तो कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने तुरंत प्रभाव से कम्प्यूटर व यूपीएस अपने कोटे से देने की घोषणा कर दी। उन्होंने सिविल सर्जन डॉ. ज्योत्स्ना को भी निर्देश दिए कि गोहाना अस्पताल में दवाइयों की कमी न होने दी जाए और वह खुद अस्पताल का नियमित तौर पर निरीक्षण करें, ताकि गोहाना में मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हों।



खरखौदा। मरीजों की जांच करते चिकित्सक। फोटो :हरिभूमि

### 136 मरीजों की आंखें जांची

**खरखौदा।** ठाकुर जी की रसोई व युवा शक्ति क्लब के संयुक्त सौजन्य से लाला जय नारायण धर्मशाला, खरखौदा में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। वेणु आई हॉस्पिटल, दिल्ली के चिकित्सकों की टीम द्वारा 136 मरीजों की आंखों की जाँच की गई। जिनमें से 5 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए दिल्ली भेजा गया। सभी ऑपरेशन, रहन-सहन व भोजन सहित पूरी व्यवस्था निःशुल्क की गई। अपोलो हॉस्पिटल, दिल्ली की विशेषज्ञ टीम द्वारा जनरल फिजिशियन सेवाएं प्रदान की गईं और सभी मरीजों को निःशुल्क दवाइयां वितरित की गईं। शिविर में क्षेत्र के कई समाजसेवियों व गणमान्य नागरिकों धर्मपाल गर्ग, पवन सिंगला, अमित सिंगला, नीरज गुप्ता, पंकज गुप्ता, पुष्पेश गर्ग, सहित अन्य सेवकों की उपस्थिति रही।

## खबर संक्षेप

### रविंद्र नाथ एशिया के प्रथम नोबेल पुरस्कार विजेता व्यक्ति

**गोहाना।** सेक्टर-7 स्थित भगवान परशुराम आश्रम में गुरुदेव रविंद्र नाथ टैगोर की 84वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। समारोह में नागरिकों ने रविंद्र नाथ टैगोर के चित्र पर पुष्प अर्पित करके नमन किया। मुख्य वक्ता आजाद हिंद देशभक्ति मोर्चा के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी ने कहा रविंद्र नाथ टैगोर बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। वह एक विश्व विख्यात कवि, साहित्यकार, दार्शनिक और भारतीय साहित्य के नोबेल पुरस्कार विजेता हैं।

### किशोरी से दुष्कर्म करने का आरोप

**सोनीपत।** कुंडली थाना क्षेत्र में किशोरी को कमरे में बुलाकर उसे शराब पिलाने के बाद दुष्कर्म करने के आरोप का मामला सामने आया है। किशोरी की मां ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में आरोपित के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपित की तलाश के प्रयास कर रही है।

### घर के बाहर खड़े युवकों को पीटकर किया घायल

**सोनीपत।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के मॉडल टाउन में संदिग्ध हालत में घर के बाहर खड़े युवकों को टोकना दंपति को भारी पड़ गया। आरोप है कि युवकों ने उसके पति पर लाठी-डंडों से हमला कर घायल कर दिया। हमलावर वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। माडल टाउन निवासी शीतल ने बताया कि गत पांच अगस्त को वह अपने पति के साथ कार में सवार होकर सामान लेने के लिए गई थी।

## शैक्षणिक खंड गोहाना की खंडस्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में दिखाया दम

# खंड स्तरीय खेलों में पहलवानों ने लगाए दांव-पेंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

गांव भैंसवाल स्थित शमशेर अखाड़ा में गुरुवार को आयोजित शैक्षणिक खंड गोहाना की कुश्ती प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने दांव-पेंच लगाकर अपनी खेल प्रतिभा का दम दिखाया।

33 किलोग्राम कुश्ती प्रतियोगिता में इति प्रथम और ईशानी द्वितीय स्थान पर रही। 36 किलोग्राम भारवर्ग में कनिका प्रथम और दीया द्वितीय स्थान पर रही। 39 किलोग्राम भारवर्ग में चेतना अव्वल रही। 42 किलोग्राम भारवर्ग में गुंजन व संजना क्रमशः प्रथम व द्वितीय स्थान पर रहीं। 46 किलोग्राम भारवर्ग में खुशी ने प्रथम और कीर्ति ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 49 किलोग्राम भारवर्ग में नेहा अव्वल रही। खेलों की अध्यक्षता बीईओ राजेंद्र सांगवान ने की और संयोजन प्राचार्य राजेंद्र दहिया का रहा।विजेता छात्राओं को प्राचार्या अनीता दूहन, राजेश दूहन, कृष्ण हुड्डा, अनिल, डीपीई लक्ष्मण, जगविजय लठवाल, पहलवान शमशेर, अनीता और बलराज ने अपना आशीर्वाद देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।


गोहाना। छात्राओं के हाथ मिलवाते हुए पहलवान शमशेर व अन्य।

### सीबीएसई नॉर्थ जॉन 2 कलस्टर गेम्स में जीता गोल्ड व सिल्वर

**सोनीपत।** नवयुग बॉक्सिंग क्लब के खिलाड़ियों ने 1 से 4 अगस्त तक गुरुग्राम में आयोजित हुई सीबीएसई प्रतियोगिता में पदक जीते हैं। क्लब के निधिस ने अंडर 19 में गोल्ड व वैभव अंडर 14 में सिल्वर मेडल प्राप्त किया। कोच रविन्द्र सिंह ने बताया कि दोनों खिलाड़ियों का चयन सीबीएसई राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। क्लब में पहुंचने पर रोशन लाल गुप्ता ने खिलाड़ी का फूल माला पहनाकर स्वागत किया व उन्होंने खिलाड़ियों का मार्गदर्शन करते हुए खेलों का महत्व समझाया। इस अवसर पर बॉक्सिंग कोच के अलावा खुशी व अमित आदि मौजूद रहे।


सोनीपत। पदक विजेताओं के साथ कोच एवं अन्य।

## गुरुकुल मटिंडू में आयोजित की जा रही हैं ब्लॉक स्तरीय खेल स्पर्धाएं

**खरखौदा।** गुरुकुल मटिंडू में आयोजित की रही तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन लड़कों की अंडर - 14 ,17 आयु वर्ग की प्रतियोगिताएं हुई। इस तरह की प्रतियोगिता के आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों के खेल भावना को निखार कर जिला स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करना है। प्रतियोगिताओं में खो-खो, एथलीट और योगा में खिलाड़ियों ने दमखम दिखाया। अंडर -14, 100 मी रेस में प्रथम स्थान गर्वित (गुरुकुल स्कूल), द्वितीय स्थान कार्तिक (कल्पना चावला) और तृतीय स्थान पुनीत ( प्रताप स्कूल) ने प्राप्त किया। अंडर -14, 400 मी रेस में प्रथम स्थान इशांत (गुरुकुल स्कूल), द्वितीय स्थान दक्ष (गुरुकुल स्कूल )और तृतीय स्थान योगेश ( गवर्नमेंट हाई स्कूल सोहटी ) ने प्राप्त किया। अंडर -17 1500 मीटर रेस में प्रथम स्थान आयुष प्रताप स्कूल द्वितीय स्थान सुजेन (गवर्नमेंट हाई स्कूल पाई) और तृतीय स्थान जतिन (गुरुकुल स्कूल ) ने प्राप्त किया। लॉन्ग जंप अंडर -14 में प्रथम स्थान कार्तिक (कल्पना चावला स्कूल), द्वितीय स्थान पुनीत(प्रताप स्कूल ) और तृतीय स्थान विभू (गुरुकुल स्कूल) ने प्राप्त किया। योगा अंडर -17 अक्षय प्रथम स्थान, मयंक द्वितीय स्थान,रत्नेश तृतीय स्थान (गवर्नमेंट हाई स्कूल पाई ) ने प्राप्त किया। अंडर -17 खो-खो में प्रथम स्थान (गवर्नमेंट गर्ल्स सीसे स्कूल मंडोरा) द्वितीय स्थान (गवर्नमेंट गर्ल्स सीसे स्कूल गढ़ी कुंडल)और तृतीय स्थान (गवर्नमेंट गर्ल्स सी. से. स्कूल थाना खुर्द ) ने प्राप्त किया। प्राचार्य प्रमोद शर्मा की देखरेख में प्रतियोगिताओं को संपूर्ण किया गया।


खरखौदा। खेल कूद में भाग लेते विद्यार्थी खिलाड़ी।

## छात्राओं ने खंड स्तरीय खेल स्पर्धाओं में किया शानदार प्रदर्शन

**खरखौदा।** खांडा रोड़ स्थित कल्पना चावला विद्यापीठ की छात्राओं ने खंड स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताएं 6 अगस्त को आयोजित की गई थी। विद्यालय की अंडर-19 खो-खो लड़कियों की टीम ने पहला तथा अंडर-14 खो-खो लड़कियों की टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। अंडर-14 की 200 मीटर दौड़ में वंशिका, अंडर-19 की 100 मीटर की दौड़ में अंशिका, 400 मीटर की दौड़ में तमन्ना तथा लंबी कूद में अंशिका ने पहला स्थान प्राप्त किया। वहीं अंडर-14 की 100 मीटर की दौड़ में यशिका ने दूसरा तथा लंबी कूद में तनीषा व हिमांशी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। भाला फेंक में छवि ने प्रथम व डिस्कस थ्रो में नीरू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। शॉट पुट में कनक ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। पहला व दूसरा स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं का चयन जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं के लिए किया गया। विद्यालय पहुंचने पर सभी विजेता खिलाड़ियों व उनके प्रशिक्षकों का स्वागत किया गया। विद्यालय प्राचार्या उषा वत्स ने कहा कि यह उनके लिए गर्व का क्षण है।



खरखौदा। विजेता विद्यार्थी अपने प्रशिक्षकों के साथ।

## प्रताप स्कूल के मयंक और पारस ने साउथ कोरिया में रचा इतिहास

**खरखौदा।** खरखौदा के छोटे से गांव से निकलकर अंतरराष्ट्रीय मंच पर तिरंगा लहराकर प्रताप स्कूल के दो होनहारों ने इतिहास रच दिया है। सपने अगर बड़े हों और सही मार्गदर्शन मिल जाए तो कोई भी मंजिल दूर नहीं होती। कुछ ऐसा ही कर दिखाया है प्रताप स्कूल, खरखौदा के दो होनहार खिलाड़ियों मयंक और पारस ने, जिन्होंने साउथ कोरिया में आयोजित एशियन कुराश चैंपियनशिप-2025 में भारत के लिए कांस्य पदक जीतकर ना केवल प्रदेश बल्कि पूरे देश को गौरवांवित किया है। मयंक ने कैडेट वर्ग के 71 किलोग्राम भारवर्ग में और पारस ने जूनियर वर्ग के 90 किलोग्राम में शानदार प्रदर्शन करते हुए देश के लिए जीत दर्ज की। जब दोनों खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय उड़ान से स्वदेश लौटे तो दिल्ली एयरपोर्ट पर ढोल-नगाड़ों, फूलों और जयकारों के साथ उनका जोरदार स्वागत किया गया। इस ऐतिहासिक मौके पर द्रोणाचार्य अवार्डी ओम प्रकाश दहिया, अकादमिक निदेशक डॉ. सुबोध दहिया, प्राचार्या दया दहिया, कुराश एसोसिएशन ऑफ इंडिया के महासचिव विक्रांत कुमार, कोच रोहित दहिया व अन्य गणमान्य लोगों ने विजेताओं को बधाई दी। मयंक के पिता राजेश कुमार ने कहा कि मयंक की सफलता ने हमारे सपनों को पंख दे दिए हैं। प्रताप स्कूल की प्रबंधन समिति ने दोनों विजेता खिलाड़ियों को दो किलोग्राम देशी घी और विशेष स्पोर्ट्स किट भेंट की, ताकि वे आगामी प्रतियोगिताओं के लिए और अधिक प्रेरित हो सकें।



खरखौदा। पदक विजेताओं का स्वागत करते हुए स्कूल प्रबंधन।

### खेलो इंडिया वुमेन लीग में कनिष्का खत्री ने जीता पदक



**सोनीपत।** कुरुक्षेत्र में 25 जुलाई से 27 जुलाई तक खेलो इंडिया वुमेन लीग का आयोजन किया गया। इस प्रतिस्पर्धा में ग्यारह जिलों के लगभग 1000 खिलाड़ियों ने भाग लिया। अस्मिता ताइक्वांडो सिटी लीग में लिटल एंजल्स स्कूल, सोनीपत की कनिष्का खत्री ने रजत पदक जीतकर अपने जिले व विद्यालय का नाम रोशन किया। कनिष्का के अभिभावक इस जीत से बहुत खुश थे उन्होंने इस जीत का श्रेय विद्यालय प्रशासन व उनके कोच को दिया। विद्यालय के चेयरमैन तरसेम कुमार गर्ग, सेक्रेटरी डॉ. विशाल गर्ग, प्रधानाचार्या आशा गोयल, उपप्रधानाचार्या गीता अरोड़ा ने विजयी खिलाड़ी को बधाई व शुभकामनाएं दी।



### छात्रों का ब्लाक स्तरीय खेलो में उत्कृष्ट प्रदर्शन

**राई।** राई ब्लाक की खंड खंड स्तरीय स्कूल खेल प्रतियोगिता में नैंसी शिक्षा निकेतन के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विभिन्न खेलो में पदक प्राप्त किए। स्कूल के निदेशक दिनेश चौहान व नैंसी स्कूल की प्रिंसिपल शशि चौहान ने विजेता छात्रों को बधाई दी। उन्होंने बताया कि मनीष ने 110 मीटर हर्डल रेस में दूसरा स्थान प्राप्त किया। शुभम ने 110 मीटर हर्डल रेस में दूसरा स्थान, 400 मीटर रेस व 800 मीटर रेस दोनों में दूसरा स्थान प्राप्त किया। कक्षा आठवीं के छात्र वंश ने 600 मीटर रेस में प्रथम स्थान व 400 मीटर रेस में दूसरा स्थान प्राप्त किया।

## हेड गर्ल व हेड ब्वॉय ने ली पद एवं गोपनीयता की शपथ

**गोहाना।** महम रोड स्थित एमआर विद्यालय में गुरुवार को सदन अनुसार विद्यार्थी परिषद का गठन किया गया। विद्यालय के एमडी राजबीर शर्मा ने हेड ब्वॉय और हेड गर्ल को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शहीद मदनलाल धींगड़ा हाउस से हेड ब्वॉय संजू मलिक और हेड गर्ल ज्योति शर्मा चुने गए। वीर सावरकर हाउस से हेड ब्वॉय मोहम्मद जैद और हेड गर्ल नंदिनी चुनी गई। इसी प्रकार से उधम सिंह हाउस से नैतिक और वंशिका जबकि भगत सिंह हाउस से नमन व भारती को हेड ब्वॉय और हेड गर्ल चुना गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या अनीता शर्मा ने की। मंच संचालन अंशु खासा ने किया। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए एमडी राजबीर शर्मा ने कहा कि विद्यालयों में विद्यार्थी परिषद के गठन ने विद्यार्थियों में अपने कर्तव्य के प्रति जिम्मेवारी की भावना विकसित होती है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी पढ़ाई करने के साथ-साथ अपने घर, परिवार व समाज के प्रति भी अपनी जिम्मेवारी समझें।


गोहाना। हेड ब्वॉय और हेड गर्ल पद एवं गोपनीयता की शपथ ग्रहण करते हुए।

## नौकरी का झांसा देकर बंधक बनाने और विदेश भेजने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** मुरथल थाना सोनीपत पुलिस ने युवक को विदेश भेजकर बंधक बनाने व उसके परिजनों ने रुपये मांगने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित रवि निवासी सोरखी हिसार का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे पांच दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपितो से पूछताछ की जा रही है। गांव रेवली निवासी धर्मेंद्र ने छह अप्रैल को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि उसका छोटा भाई सीताराम गत 26 फरवरी को नौकरी के झांसे में आकर बैंकॉक होते हुए कंबोडिया चला गया। सीताराम को मंजी उर्फ मोटा निवासी फाजिलपुर द्वारा सुशील नाम के एजेंट से मिलवाया था। आरोप है कि सुशील, विकास, मोनू उर्फ जेपी और मंजीत के गिरोह ने झूठ बोलकर उसे विदेश भेजा। उसके बाद उसे कंबोडिया में बंधक बना लिया। उसके भाई ने व्हाट्सअप कॉल करके परिजनों को इस संबंध में जानकारी दी। मामले को लेकर मुरथल थाना पुलिस ने आरोपितो के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में कार्रवाई करते हुए उप निरीक्षक तेजप्रकाश की टीम ने दो आरोपितो को पहले काबू कर लिया था। वारदात में शामिल तीसरे आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित को अदालत में पेश कर रिमांड की अपील की।

## इंडियन कॉलोनी में शॉर्ट सर्किट से लगी आग में तीन पशुओं की मौत, मेयर ने दी आर्थिक मदद

**सोनीपत।** गोहाना रोड स्थित इंडियन कॉलोनी में मंगलवार देर रात एक दर्दनाक हादसे में तीन पशुओं की मौत हो गई। घटना बिजली के शॉर्ट सर्किट से तुड़े में आग लगने के कारण हुई। मृत पशुओं में एक भैंस और दो कटिया शामिल हैं। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे नगर निगम मेयर राजीव जैन ने पीड़ित परिवार को 25 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी। मिली जानकारी के अनुसार पीड़ित रमेश, जो बीपीएल परिवार से संबंधित है, ने बताया कि वह इन्हीं पशुओं के दूध बेचकर परिवार का भरण-पोषण करता था। उसने बताया कि रात के समय तुड़े में अचानक शॉर्ट सर्किट से आग लग गई, जिससे करंट लगने के कारण पशु बेहोश हो गए और बाद में जलकर उनकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही पशुपालन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और मृत पशुओं का पोस्टमार्टम करवाया गया। वहीं, पार्षद बिजेंद्र मलिक और जोगेंद्र प्रजापति (सेठा) ने भी रमेश को क्रमशः 5100-5100 रुपये की आर्थिक सहायता देने का आश्वासन दिया।

### 50,000 के कमीशन के चक्कर में पकड़ा क्लर्क

**सोनीपत।** दिल्ली के अलीपुर थाने में दर्ज मुकदमों में राहत देने के बदले 30 लाख की रिश्वत मांगने के मामले में गिरफ्तार दिल्ली पुलिस के इंस्पेक्टर सुनील जैन को तीन दिन की रिमांड के बाद जेल भेज दिया। पूछताछ में इंस्पेक्टर ने कई अहम खुलासे किए हैं। इंस्पेक्टर के भाई के स्कूल में काम करने वाला क्लर्क वाला संदीप 50 हजार कमीशन के लालच में 30 लाख रुपये लेने गया था। जहां एसीबी ने उसे रंगेहाथ दबोचा। मार्च 2024 में दिल्ली के अलीपुर थाने में प्रॉपर्टी डीलर प्रवीन गुप्ता व प्रवीन लाकड़ा के बीच हुए झगड़े में दो क्रॉस केस बना था। अप्रैल में फिर से प्रवीन लाकड़ा पक्ष की ओर से हमले का आरोप लगाते हुए एक और एफआईआर दर्ज की गई थी। जिसकी जांच इंस्पेक्टर सुनील जैन के पास थी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

## नागरिक अस्पताल में उपचार के लिए आए घायल पर मारपीट का आरोप

- सेक्टर-27 शहर थाना सोनीपत पुलिस ने आरोपितो के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत किया मुकदमा दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

कुंडली थाना क्षेत्र में हुए झगड़े में घायल होकर नागरिक अस्पताल में पहुंचे घायल पर आपातकालीन कक्ष में फिर से मारपीट करने जान से मारने की धमकी देने के आरोप का मामला सामने आया है। बीच-बचाव करने के बाद घायल को कक्ष में भर्ती करवाया। जहां उसे उपचार के बाद छुट्टी दे दी। घायल ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

मैक्स हाईट ड्रीम होम निवासी सुनील डोडा ने बताया कि गत 27 जुलाई को वह अपने सहकर्मी के साथ मारपीट में घायल होकर अस्पताल में उपचार के लिए आया था। जहां दूसरा पक्ष भी अस्पताल में पहुंच गया। आपातकालीन कक्ष में उनके साथ फिर से कहासुनी करने लगे। विरोध करने पर मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। किसी दूसरे मामले में अस्पताल में आए पुलिस कर्मचारियों ने बीच-बचाव करके उन्हें अलग किया। हमलावर बार-बाद उसे जान से मारने की धमकी देते रहे। उसके बाद उसने अस्पताल में अपना उपचार करवाया। हमलावर आपातकालीन कक्ष के बाहर ही बैठे रहे। डर के चलते पुलिस को सूचना दी।

उसके बाद कुंडली थाना पुलिस ने उन्हें घर पहुंचाया। मामले को लेकर सेक्टर-27 शहर थाना सोनीपत पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था। जांच अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द आरोपितो को काबू कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

## साउथ पॉइंट डिग्री कॉलेज और लॉ कॉलेज में नए सत्र का शुभारंभ

- हवन यज्ञ के साथ विद्यार्थियों को मिली शिक्षा की प्रेरणा
- साउथ पॉइंट ग्रुप के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच प्रदान की आहुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



साउथ पॉइंट डिग्री कॉलेज और साउथ पॉइंट कॉलेज ऑफ लॉ में प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए नए शैक्षणिक सत्र 2025-26 का शुभारंभ विधिवत रूप से हवन यज्ञ के साथ किया गया। इस दौरान कॉलेज परिसर में एक आध्यात्मिक और सकारात्मक माहौल देखने को मिला। साउथ पॉइंट ग्रुप के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच आहुति प्रदान की और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। हवन में उनके साथ संस्थान के एग्जीक्यूटिव चेयरमैन रोहित खत्री, वाइस चेयरपर्सन वर्तिका खत्री, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर डॉ. ममता सचदेवा व सीईओ भावना कालरा और दोनों कॉलेजों के प्रिंसिपलों ने भी हवन में आहुति देते हुए विद्यार्थियों को नए सत्र के लिए शुभकामनाएं दीं। हवन के समापन के बाद, कॉलेज प्रबंधन ने सभी नए विद्यार्थियों का दिल से स्वागत किया। चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थी अपने मूल्यों को न भूलें और सदैव सच के मार्ग पर चलें। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा के प्रति जागरूक रहने और लक्ष्य की ओर समर्पित होकर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

## गोवर्धन पर्वत को उठाने से जुड़ी हुई परंपरा

# विशेष होता है ठाकुरजी का 56 भोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

शहर में जन्माष्टमी की तैयारियां ज़ोरों पर हैं। मंदिरों में सजावट का काम चल रहा है, बाजारों में पूजन सामग्री की खरीदारी बढ़ गई है और भक्तजन भक्ति में रंगे हुए हैं। 16 अगस्त को आ रही जन्माष्टमी के बारे में तो सब जानते हैं, जन्माष्टमी पर भगवान श्रीकृष्ण को 56 भोग भी अर्पित किए जाते हैं। आपको पता है कि भगवान श्रीकृष्ण को 56 भोग क्यों अर्पित किए जाते हैं। इस बारे में जानकारी देते हुए आचार्य मनमोहन मिश्रा बताते हैं कि भगवान श्रीकृष्ण को 56 भोग अर्पित किए जाने की परंपरा द्वापर युग से ही चली आ रही हैं। उन्होंने बताया कि 56 भोग लगाने की परंपरा भगवान श्रीकृष्ण के ब्रजवासियों के प्रति किए गए उपकारों से जुड़ी है। कथा के अनुसार, जब इंद्रदेव ने ब्रजवासियों द्वारा गोवर्धन पूजन से क्रोधित होकर घनघोर वर्षा की, तो श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत अपनी कनिष्ठा अंगुली पर उठाकर सात दिनों तक समस्त गांव की रक्षा की। जब इंद्र का प्रकोप शांत हुआ, तो ब्रजवासियों ने सात दिन और आठ पहर के अनुसार कुल 56 प्रकार के व्यंजन भगवान को अर्पित किए। तभी से यह परंपरा जन्माष्टमी पर निभाई जाती है। इस बार 16 अगस्त को जन्माष्टमी के पर्व पर शिव मंदिर, नरेंद्र नगर में भगवान बिहारी जी को पारंपरिक रूप से 56 भोग अर्पित किए जाएंगे। इस आयोजन की जानकारी देते हुए आचार्य मनमोहन मिश्रा ने बताया कि इस बार शिव मंदिर में लगने वाले 56 भोग में रसगुल्ला, रबड़ी, पेड़ा, मालपुआ, पंचामृत, खीर, घेवर जैसी मिठाइयां, बैंगन-दूधी-पालक की सब्जियां, मीठे चावल, खिचड़ी, मूंग दाल, दाल मखनी, अचार, चटनी, छाछ, शर्बत और बादाम दूध सहित दर्जनों व्यंजन तैयार किए जा रहे हैं। मंदिर समिति द्वारा भजन-कीर्तन, झांकी और रात्रि आरती का भी भव्य आयोजन किया जाएगा।

### एक और मान्यता यह भी



आचार्य मनमोहन मिश्रा ने बताया कि एक और मान्यता के अनुसार राधारानी के संग भगवान कृष्ण एक दिव्य कमल पर विराजमान होते हैं। मान्यता है कि इस कमल की 56 पंखुड़ियों हैं और प्रत्येक पंखुड़ी पर 56 सखियां अलग-अलग व्यंजन बनाकर भगवान को भोग लगाती हैं। यह भोग प्रेम, सेवा और भक्ति का प्रतीक बन चुका है।



### राखी बनाओ प्रतियोगिता में बनी 1500 राखियां, भेजी जवानों के नाम

**गन्नौर।** भारत विकास परिषद गन्नौर शाखा एवं विश्व हिंदू परिषद धर्म प्रसार विभाग, गन्नौर खंड के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित रक्षा सूत्र कार्यक्रम के अंतर्गत छात्राओं द्वारा बनाई गई 1500 राखियां भारतीय सेना के वीर जवानों को समर्पित करने के लिए भेजी गई। ये राखियां सीआरपीएफ के असिस्टेंट कमांडेंट हनुमान को नरेंद्र भारतीय प्रांत परिवर्तन प्रमुख एवं विकास जिला ढाबा प्रमुख द्वारा भारत विकास परिषद एवं विश्व हिंदू परिषद धर्म प्रसार विभाग की ओर से सौंपी गई। भाविप अध्यक्ष संदीप सिंघल ने कहा कि इस पहल के माध्यम से छात्राओं ने अपने वीर सपूतों को प्रेम, सम्मान और कृतज्ञता प्रकट की। उन्होंने संदेश दिया कि देश की बेटियां अपने सैनिक भाइयों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी हैं।